# प्रैक्टिस सेट 1

## ■ तर्कशक्ति योग्यता

**निर्देश** (प्र.सं. 1-3) निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सम्बन्धित अक्षर/शब्द/संख्या को चुनिए।

**1.** महासागर : प्रशान्त :: द्वीप : ?
(a) बोर्नियो
(b) मकालू
(c) विक्टोरिया
(d) ग्रीनलैण्ड

**2.** HHUV : HJQP :: LLQQ : ?
(a) LKOP (b) LKJI
(c) LMNO (d) LNMK

**3.** 63 : 80 :: 120 : ?
(a) 125 (b) 143
(c) 170 (d) 180

**निर्देश** (प्र.सं. 4-6) *निम्नलिखित प्रश्नों में उस विकल्प को चुनिए जो अन्य तीन विकल्पों से भिन्न है।*

**4.** (a) पैर-हाथ (b) आँख-नाक
(c) शरीर-सिर (d) कलाई-अँगुली

**5.** (a) MNUFO (b) FTGSH
(c) HSIRJ (d) AZBYC

**6.** (a) 48 (b) 56
(c) 16 (d) 18

**7.** कौन-सा विकल्प नीचे दिए गए शब्दों का सार्थक क्रम दर्शाता है?
(1) दुर्घटना
(2) न्यायाधीश
(3) डॉक्टर
(4) वकील
(5) पुलिस
(a) 1, 3, 4, 2, 5
(b) 1, 3, 5, 4, 2
(c) 1, 2, 3, 4, 5
(d) 1, 2, 5, 4, 3

**8.** अक्षरों का कौन-सा समूह खाली स्थानों पर क्रमवार रखने से दी गई अक्षर श्रृंखला को पूरा करेगा?
op_mo_n_ _pnmop_
(a) mnpomn (b) mnompn
(c) mnpmon (d) mpnmop

**निर्देश** (प्र.सं. 9-10) *निम्नलिखित प्रश्नों में एक अनुक्रम दिया गया है, जिसमें एक पद लुप्त है। दिए गए विकल्पों में से वह सही विकल्प चुनिए जो अनुक्रम को पूरा करेगा?*

**9.** BDF, HJL, NPR, ?
(a) OQS (b) TUV
(c) TVX (d) UVW

**10.** 17, 14, 15, 12, 13, ?, ?
(a) 10, 11
(b) 14, 11
(c) 11, 13
(d) 12, 15

**11.** आठ मित्र A, B, C, D, E, F, G और H एक वृत्ताकार घेरे में केन्द्र की ओर मुँह करके बैठे हैं। 'B', G और D के बीच में बैठा है। 'H', B के बाईं ओर तीसरे एवं A के दाईं ओर दूसरे स्थान पर है। 'C' A और G के बीच में बैठा है, B और E एक-दूसरे के आमने-सामने नहीं बैठे हैं तो निम्नलिखित कथनों में से कौन-सा कथन सत्य नहीं है?
(a) D और A एक-दूसरे के आमने-सामने बैठे हैं
(b) 'C', D के दाईं ओर तीसरा है
(c) 'E', F और D के बीच में बैठा है
(d) 'A', C और F के बीच में बैठा है

**12.** यदि किसी सांकेतिक भाषा में 'PASSPORT' को 'RCUURQTV' लिखा जाता है, तो 'BOOKLET' को उसी भाषा में कैसे लिखा जाएगा?
(a) CPPLMFU
(b) DRRNMGW
(c) CQQMNFV
(d) DQQMNGV

**13.** रमन किसी बिन्दु P से दक्षिण की ओर 10 मी जाता है। इसके बाद वह 20 मी पश्चिम की ओर जाता है। इसके बाद वह 10 मी दक्षिण की ओर जाता है। इसके बाद वह 20 मी पूर्व की ओर जाता है और इसके बाद अन्त में वह 5 मी उत्तर की ओर चलकर बिन्दु Q पर पहुँच जाता है। बताएँ कि बिन्दु P से बिन्दु Q तक की सीधी दूरी कितनी है?
(a) 15 मी (b) 5 मी
(c) 20 मी (d) 10 मी

**14.** संजीव को याद है कि उसके भाई मानवेन्द्र की जन्म-तिथि 20 के पश्चात् लेकिन 28 अगस्त के पूर्व पड़ती है, रीता को याद है कि मानवेन्द्र की जन्म-तिथि 22 के पूर्व लेकिन 12 अगस्त के पश्चात् पड़ती है। बताएँ कि मानवेन्द्र की जन्म-तिथि क्या है?
(a) 22 अगस्त (b) 20 अगस्त
(c) 21 अगस्त (d) 26 अगस्त

**निर्देश** (प्र.सं. 15 और 16) *निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से लुप्त संख्या ज्ञात कीजिए।*

**15.**

| | | |
|---|---|---|
| 9 | 8 | 6 |
| 8 | 7 | 5 |
| 6 | 5 | ? |
| 4 | 3 | 1 |


(a) 1 (b) 2
(c) 3 (d) 4

**16.** 44 × 75 = 7454; 34 × 65 = 6453
24 × 55 = 5452
14 × 45 = ?
(a) 4432 (b) 4462
(c) 4342 (d) 4451

**17.** एक लड़के की ओर इशारा करते हुए राजन कहता है, "वह मेरे दादा के इकलौते पुत्र हैं", तो लड़के का राजन से क्या सम्बन्ध है?
(a) चाचा (b) भाई
(c) पिता (d) मौसा

**18.** यदि + का अर्थ +, + का अर्थ –, –, का अर्थ × और × का अर्थ + हो, तो 12 + 6 + 3 – 2 × 8 का मान क्या होगा?
(a) 8 (b) 2
(c) 4 (d) – 2

**19.** नीचे एक पासे की दो स्थितियाँ दर्शाई गई हैं, जिनके अनुसार बताएँ कि एक बिन्दु की विपरीत सतह पर कितनी बिन्दु होंगी?



X Y

(a) 2 (b) 3 (c) 6 (d) 5


**20.** नीचे एक शब्द दिया है जिसके नीचे चार विकल्प दिए गए हैं। वह विकल्प चुनिए जो दिए गए शब्द के अक्षरों का प्रयोग करके नहीं बनाया जा सकता है।

MISFORTUNE


(a) FORT
(b) TURN
(c) SOFT
(d) ROAM

**निर्देश** (प्र.सं. 21) *निम्नलिखित प्रश्न में दिए गए विकल्पों में से लुप्त आकृति चुनिए।*

**21. प्रश्न आकृतियाँ**




**उत्तर आकृतियाँ**




(a) (b) (c) (d)

**22.** चार उत्तर आकृतियों में से कौन-सी आकृति नीचे दिए गए टुकड़ों से बनाई जा सकती है?

**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(a) (b) (c) (d)

**23.** निम्नलिखित में से कौन-सी उत्तर आकृति दी गई प्रश्न आकृति को पूरा करती है?

**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**




(a) (b) (c) (d)

**24.** निम्नलिखित उत्तर आकृतियों में से उस एक आकृति को चुनिए जिसमें दी गई प्रश्न आकृति निहित है।

**प्रश्न आकृति**




**उत्तर आकृतियाँ**



(a) (b) (c) (d)

**25.** निम्नलिखित आरेखों में से कौन-सा आरेख डॉक्टर, नर्स और मानव के बीच सम्बन्ध को दर्शाता है?



(a) (b) (c) (d)

## गणितीय योग्यता

**26.** दो संख्याओं में से छोटी संख्या का 4 गुना बड़ी संख्या के 3 गुने से 5 कम है। यदि इन संख्याओं का योग उनके अन्तर के 6 गुने से 6 अधिक हो, तो बड़ी संख्या है

(a) 43 (b) 53 (c) 59 (d) 63

**27.** $X$ की एक परीक्षा में उत्तीर्ण होने के लिए 40% अंक चाहिए। वह 178 अंक प्राप्त करके 22 अंकों से अनुत्तीर्ण हो जाता है तब कुल पूर्णांक है

(a) 400 (b) 450
(c) 500 (d) 550

**28.** किसी संख्या का 25%, उसके 30% से 15 कम है वह संख्या हैं

(a) 90 (b) 75 (c) 300 (d) 600

**29.** किसी प्राकृत संख्या के घन में से उसका वर्ग घटाने पर 100 प्राप्त होता हैं। वह संख्या है

(a) 25 (b) 16
(c) 6 (d) 5

**30.** दो संख्याओं का योग 37 तथा गुणनफल 330 है, इन संख्याओं का अन्तर क्या है?

(a) 7
(b) 15
(c) 22
(d) ज्ञात नहीं किया जा सकता

**31.** $A, B$ व $C$ का योग 380 है। यदि $A, B$ के एक तिहाई के बराबर है तथा $B, C$ का पाँचवाँ भाग है, तो $C$ का मान क्या होगा?

(a) 76 (b) 60 (c) 20 (d) 300

**32.** 15, 30, 45 व 60 का महत्तम समापवर्तक है

(a) 15 (b) 30
(c) 45 (d) 60

**33.** किसी धनात्मक संख्या में से 4 घटाने पर उस संख्या के व्युत्क्रम का 21 गुना प्राप्त होता है वह संख्या है

(a) 5 (b) 6
(c) 4 (d) इनमें से कोई नहीं

**34.** किसी संख्या में 24 जोड़ने पर अपने से $1\frac{1}{4}$ गुना हो जाती है वह संख्या हैं

(a) 72
(b) 48
(c) 120
(d) उपरोक्त में से कोई नहीं

**35.** यदि ₹ 3060 को $\frac{1}{6}:\frac{1}{4}:\frac{1}{3}$ के अनुपात में विभक्त किया जाए, तो दूसरा भाग होगा

(a) ₹ 680 (b) ₹ 340
(c) ₹ 1360 (d) ₹ 1020

**36.** किसी धन को $P, Q, R$ में $8:3:7$ के अनुपात में विभाजित किया जाता है। यदि $P$ व $Q$ दोनों का भाग $R$ के भाग से ₹ 300 अधिक है, तो $R$ का भाग है

(a) ₹ 1350 (b) ₹ 525
(c) ₹ 600 (d) ₹ 675

**37.** यदि $a:b = b:c$, तो $a^4 : b^4 = ?$

(a) $ac : b^2$ (b) $a^2 : c^2$
(c) $c^2 : a^2$ (d) $b^2 : ac$

**38.** यदि $(p+q):(p-q) = 5:1$, तो $(p^2+q^2):(p^2-q^2)$ का मान है

(a) 3 : 2 (b) 9 : 5
(c) 9 : 4 (d) 13 : 5

**39.** यदि 40 व्यक्ति 6 घण्टे प्रतिदिन काम करके 300 मी लम्बी दीवार 12 दिन में तैयार कर सकते हैं, तो 30 व्यक्ति 8 घण्टे प्रतिदिन कार्य करके 200 मी लम्बी दीवार कितने दिन में बना सकेंगे?

(a) $4\frac{1}{2}$ (b) 8
(c) $10\frac{1}{2}$ (d) 11

**40.** 270 मी लम्बी रेलगाड़ी 30 मी/से की चाल से 180 मी लम्बे पुल को कितने सेकण्ड मे पार कर जायेगी?

(a) 3 (b) 6 (c) 9 (d) 15

**41.** 2 वर्ष पहले एक परिवार के 8 सदस्यों की औसत आयु 20 वर्ष थी। यदि अब एक बच्चा पैदा होने पर भी औसत आयु वही हो, तो बच्चे की आयु कितनी हैं?

(a) 2 वर्ष (b) 4 वर्ष
(c) 6 वर्ष (d) 5 वर्ष

**42.** एक पुस्तक विक्रेता को दो पुस्तकें ₹ 240 प्रति पुस्तक बेचने पर एक पुस्तक पर 20% लाभ व दूसरी पर 20% हानि हुई। उसे कुल कितना लाभ अथवा हानि हुई?
(a) ₹ 20 लाभ (b) ₹ 20 हानि
(c) ₹ 10 हानि (d) न लाभ न हानि

**43.** एक वृत्त तथा एक वर्ग की परिमिति बराबर है। वृत्त तथा वर्ग के क्षेत्रफलों का अनुपात होगा
(a) $\pi : 1$ (b) $2 : \pi$
(c) $\pi : 2$ (d) $4 : \pi$

**44.** एक कमरा 15 मी 17 सेमी लम्बा तथा 9 मी 2 सेमी चौड़ा है। इसके फर्श पर कम से कम कितनी टाइलें लगेंगी?
(a) 656 (b) 738 (c) 814 (d) 902


**45.** 2.164 + 16.03 + 8.1 का मान हैं
(a) 26.294 (b) 26.269
(c) 26.309 (d) 26.306

**46.** एक टंकी के $\frac{3}{4}$ भाग में पानी भरा हैं। 21 लीटर पानी निकाल देने पर टंकी का $\frac{2}{5}$ भाग भरा रहता है टंकी की धारिता (लीटर में) कितनी है?
(a) 200 (b) 120 (c) 40 (d) 60

**47.** 313 सेमी कर्ण तथा 312 सेमी आधार वाले एक समकोणीय त्रिभुज का क्षेत्रफल कितना है?
(a) 40 डेमी$^2$ (b) 39 डेमी$^2$
(c) 25 डेमी$^2$ (d) 51 डेमी$^2$

**निर्देश** (प्र.सं. 48-50) *नीचे दिए गए ग्राफ का ध्यान से अध्ययन कर उसके बाद आने वाले प्रश्नों के उत्तर दीजिए।*

**पाँच अलग-अलग संगठनों में कार्यरत् महिलाओं और पुरुषों की संख्या**




**48.** संगठन *D* में काम कर रहे पुरुषों की संख्या, उस संगठन में काम कर रहे कुल कर्मचारियों की संख्या का कितना प्रतिशत है? (दशमलव के बाद दो अंकों तक पूर्णांकित)
(a) 54.17% (b) 62.64%
(c) 25.25% (d) 61.47%

**49.** संगठन *A* में महिलाओं की संख्या का पुरुषों की संख्या से क्रमशः अनुपात क्या है?
(a) 11 : 8 (b) 7 : 6 (c) 8 : 11 (d) 6 : 7

**50.** संगठन *E* में महिलाओं की संख्या उस संगठन के कुल कर्मचारियों की संख्या का लगभग कितना प्रतिशत है?
(a) 58 (b) 60 (c) 52 (d) 62

## हिन्दी भाषा

**51.** 'जो यश से युक्त हो' के लिए एक शब्द क्या होगा?
(a) यशस्वी (b) यशोदा
(c) यशुमती (d) यशी

**52.** 'खाक में मिलना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
(a) खूब ढूँढ़ना (b) बर्बाद होना
(c) चापलूस होना (d) मारा जाना

**53.** 'पीठ ठोकना' मुहावरे का सही अर्थ क्या है?
(a) बढ़ावा देना (b) कष्ट देना
(c) रहस्य बताना (d) साहस दिखाना

**54.** 'बुद्धि बल से बड़ी होती है' किस लोकप्रिय कहावत का अर्थ है?
(a) अन्धे के हाथ बटेर
(b) अधजल गगरी छलकत जाए
(c) अक्ल बड़ी या भैंस
(d) अपनी डफली अपना राग

**55.** निम्न में किस शब्द की वर्तनी शुद्ध है?
(a) कौशल्या (b) कोशल्या
(c) कौसल्या (d) कोसल्या

**56.** 'विषाद' शब्द का विपरीतार्थक शब्द कौन-सा है?
(a) निषाद (b) प्रसाद
(c) दुःख (d) हर्ष

**57.** निम्न में से किसकी मातृभाषा हिन्दी नहीं थी?
(a) इन्दिरा गाँधी
(b) मोरारजी देसाई
(c) अटल बिहारी वाजपेयी
(d) चौधरी चरण सिंह

**58.** अंखियाँ हरि दरसन की भूखी।
कैसे रहे रूप रस राँची ए बतियाँ सुनिरूखीं।
उपरोक्त पंक्तियों में किस रस का प्रयोग हुआ है?
(a) संयोग श्रृंगार (b) वियोग श्रृंगार
(c) हास्य रस (d) करुण रस

**59.** 'मैला आँचल' के रचनाकार कौन हैं?
(a) राजेन्द्र सिंह बेदी (b) गुरदयाल सिंह
(c) फणीश्वरनाथ 'रेणु' (d) भैरव प्रसाद गुप्त

**60.** 'कुरु कुरु स्वाहा' के रचयिता हैं
(a) कमलेश्वर (b) धर्मवीर भारती
(c) मनोहरश्याम जोशी (d) विष्णु प्रभाकर

**61.** कै विरहिन कू मीचु दै, कै आपा दिखराए।
आठ पहर का दीझड़ा, मो पैं सह्या न जाए।।
उपरोक्त पंक्तियों में किस रस का प्रयोग हुआ है?
(a) वियोग श्रृंगार रस (b) संयोग श्रृंगार रस
(c) शान्त रस (d) भक्ति रस

**62.** अतिरस बोले बचन कठोर। बेगि देखाउ मूढ़ नत आजू उलटऊँ महि जह लग तव राजू
उपरोक्त पंक्तियों में किस रस का प्रयोग हुआ है?
(a) हास्य रस (b) रौद्र रस
(c) भयानक रस (d) करुण रस

**63.** 'पचपन खम्मे लाल दीवारें' किसकी कृति है?
(a) मन्नू भण्डारी (b) उषा प्रियंवदा
(c) मृणाल पाण्डे (d) शिवानी

**64.** 'आधे अधूरे' किस लेखक की कृति है?
(a) धर्मवीर भारती (b) भीष्म साहनी
(c) मोहन राकेश (d) राजेन्द्र यादव

**निर्देश** (प्र. सं. 65-70) *शुद्ध वाक्य का चयन कीजिए।*

**65.** (a) आप किधर को जा रहे हैं?
(b) आप कहाँ जा रहे हैं?
(c) आप कहाँ को जा रहे हैं?
(d) आप कहाँ जा रहे हो?

**66.** (a) ऐसी एकाध बातें और देखने में आती हैं
(b) ऐसा एकाध बात और सुनने में आती हैं
(c) ऐसी एकाध बात और सुनने में आती हैं
(d) ऐसा एकाध बातें और जानकारी में आती हैं

**67.** (a) जहाँ तक हमारा विचार तो यही है
(b) जैसा कि हमारा विचार तो यही है
(c) जैसा कि हमारा विचार तो यही है
(d) हमारा विचार तो यही है

**68.** (a) यहाँ गाय का शुद्ध दूध मिलता है
(b) यहाँ शुद्ध गाय का दूध मिलता है
(c) यहाँ गाय दूध का शुद्ध मिलता है
(d) शुद्ध दूध गाय का यहाँ मिलता है

**69.** (a) ये पुस्तक छात्रों को बाँट दो
(b) ये पुस्तकें छात्र को बाँट दो
(c) ये पुस्तकें छात्र को बाँट दें
(d) ये पुस्तकें बाँट दो छात्रों को

**70.** (a) राम और सीता वन में गए
(b) राम और सीता वन गए
(c) राम और सीता वन को गए
(d) राम और सीता वन की ओर गए

**71.** सही वर्तनी वाला शब्द छाँटिए
(a) जाज्वल्यमान (b) जज्वल्यमान
(c) जजवलयमान (d) जाज्वेल्यमान

**72.** 'गीतांजलि' के रचयिता हैं
(a) रवीन्द्रनाथ टैगोर (b) रामचन्द्र शुक्ल
(c) शरत चन्द्र (d) पृथ्वीसेन मित्र

**73.** 'भारत दुर्दशा' किसकी कृति है?
(a) गुप्त (b) पन्त
(c) भारतेन्दु हरिश्चन्द्र (d) सेनापति

**74.** 'चाँद का मुँह टेढ़ा है' किस लेखक की रचना है?
(a) यशपाल (b) नागार्जुन
(c) मुक्तबोध (d) अमृत राय

**75.** कितने अक्षरों के समूह को गण कहा जाता है?
(a) दो (b) तीन (c) चार (d) पाँच

## ■ सामान्य जागरूकता

**76.** निम्नलिखित में से किसमें गायत्री मन्त्र है?
(a) ऋग्वेद (b) उपनिषद
(c) यजुर्वेद (d) आरण्यक

**77.** 'फ्लाइंग सिख' के नाम से कौन प्रसिद्ध है?
(a) मिल्खा सिंह (b) बहादुर सिंह
(c) सुरजीत सिंह (d) प्रीति पाल सिंह

**78.** प्लीहा को निकाल देने से होती है
(a) एन्टीबॉडी के उत्पादन में कमी
(b) RBC के उत्पादन में कमी
(c) प्लेटलेट्स के उत्पादन में कमी
(d) प्लाज्मा की मात्रा में कमी

**79.** ROM का पूरा रूप है
(a) Read Only Memory
(b) Radom Open Memory
(c) Read Open Memory
(d) Random Only Memory

**80.** नागरिक समता का आशय है
(a) कानून के समक्ष समता
(b) अवसर की समानता
(c) धन का समान वितरण
(d) राज्य के मामलों में भागीदारी का समान अधिकार

**81.** जब कोई जहाज नदी से समुद्र में प्रवेश करता है
(a) वह थोड़ा-सा ऊपर उठ जाता है
(b) वह थोड़ा-सा नीचे चला जाता है
(c) वह उसी स्तर पर रहता है
(d) वह जिस द्रव्य से बना है, उसके आधार पर ऊपर उठता है या नीचे जाता है

**82.** 'विश्व स्वास्थ्य दिवस' कब मनाया जाता है?
(a) 7 अप्रैल (b) 9 अप्रैल
(c) 18 अप्रैल (d) 20 अप्रैल

**83.** असमान द्रव्यमान वाले दो पत्थर समान वेग से ऊर्ध्वाधर ऊपर फेंके गए हैं। निम्नलिखित में से क्या घटित होगा?
(a) भारी द्रव्यमान अधिक ऊँचाई तक जाएगा
(b) हल्का द्रव्यमान अधिक ऊँचाई तक जाएगा
(c) दोनों बराबर उँचाई तक जाएँगे
(d) उनमें से कोई भी अधक ऊँचाई तक जा सकता है

**84.** चन्द्रमा की सतह पर कदम रखने वाला प्रथम व्यक्ति कौन था?
(a) यूरी गागरिन (b) वैलेन्टिना तेरेश्कोवा
(c) नील आर्मस्ट्रांग (d) स्टीवेन स्पाइलबर्ग

**85.** डी.एन.ए. परीक्षण विकसित किया गया था
(a) डॉ. ऐलेक जेफ्रीस द्वारा
(b) डॉ. वी.के. कश्यप द्वारा
(c) वाट्सन और क्रिक द्वारा
(d) ग्रेगर मेण्डल द्वारा

**86.** आँख में वर्णदर्शन (कलर विजन) निम्नलिखित में से किसकी मौजूदगी से प्रभावित होता है
(a) रक्तक कोट (b) दृढ़पटली कोट
(c) शकाला (d) शंकु

**87.** टाँका (सोल्डर) मिश्र-धातु है
(a) सीसा एवं जस्ता की
(b) ताँबा एवं सीसा की
(c) टिन एवं सीसा की
(d) सोडियम एवं सीसा की

**88.** पौधों में जल का परिवहन किसके माध्यम से होता है?
(a) कैमबियन (b) फ्लोएम
(c) इपीडर्मिस (d) जाइलम

**89.** राष्ट्रपति ने अब तक कितनी बार राष्ट्रीय आपातकाल की घोषणा की है?
(a) केवल एक बार (b) दो बार
(c) तीन बार (d) कभी नहीं

**90.** तराइन के द्वितीय युद्ध (1192 ई.) में किसने किसको पराजित किया?
(a) पृथ्वीराज ने मोहम्मद गोरी को हराया
(b) महमूद गजनवी ने पृथ्वीराज को हराया
(c) पृथ्वीराज ने महमूद गजनवी को हराया
(d) मोहम्मद गोरी ने पृथ्वीराज को हराया

**91.** तराइन की पहली लड़ाई में पृथ्वीराज ने किसको पराजित किया था?
(a) महमूद गजनवी
(b) कुतुबुद्दीन ऐबक
(c) मुहम्मद गोरी
(d) अलाउद्दीन खिलजी

**92.** मृदा और शैल खण्डों के नीचे खिसकने की घटना को क्या कहा जाता है?
(a) भूस्खलन
(b) मृदा-प्रवाह
(c) अपशल्कन (अपपत्रण)
(d) अपक्षय

**93.** संविधान के किस संशोधन ने मौलिक अधिकारों की अपेक्षा राज्य नीति के निदेशक सिद्धान्तों को अधिक महत्त्वपूर्ण बना दिया है?
(a) 42वें (b) 44वें (c) 52वें (d) 56वें

**94.** पृथ्वी के दोनों ओर कौन-से ग्रह हैं?
(a) मंगल और बृहस्पति (b) बुध और शुक्र
(c) शुक्र और शनि (d) मंगल और शुक्र

**95.** मत देने का अधिकार होता है
(a) राजनीतिक अधिकार
(b) नागरिक अधिकार
(c) आर्थिक अधिकार
(d) कानूनी अधिकार

**96.** कौन-सा दिन अन्तर्राष्ट्रीय मानव अधिकार दिवस है?
(a) 10 दिसम्बर (b) 24 अक्टूबर
(c) 25 नवम्बर (d) इनमें से कोई नहीं

**97.** नोबेल पुरस्कार किसमें योगदान के लिए नहीं दिया जाता है?
(a) शान्ति
(b) चिकित्सा
(c) अर्थशास्त्र
(d) कम्प्यूटर विज्ञान

**98.** गाँधीजी की सबसे महत्त्वपूर्ण शिक्षाएँ निम्नलिखित में से कौन-सी हैं?
(1) सत्य (2) अहिंसा
(3) धर्म (4) सत्याग्रह
(a) दोनों 1 और 3
(b) दोनों 2 और 4
(c) दोनों 1 और 2
(d) दोनों 1, 2 और 3

**99.** निम्नलिखित स्थानों में से किसमें रैयतवाड़ी बन्दोबस्त लागू किया गया था?
(a) उत्तर प्रदेश और पंजाब
(b) उत्तर पश्चिमी प्रान्त और पंजाब
(c) मद्रास और मुम्बई
(d) बंगाल और बिहार

**100.** स्वदेशी आन्दोलन शुरू किया गया था
(a) बंगाल विभाजन के विरोध के रूप में
(b) भारतीय माल के उपयोग को प्रोत्साहित करने के लिए लोगों की आर्थिक दशा में सुधार करने की दृष्टि से
(c) जालियाँवाला बाग में भारतीयों की हत्या के विरोध के रूप में
(d) भारत में एक जिम्मेदार सरकार न बना सकने में ब्रिटिश सरकार की असफलता के कारण

# उत्तरमाला

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. (d) | 2. (d) | 3. (b) | 4. (c) | 5. (b) | 6. (d) | 7. (b) | 8. (c) | 9. (c) | 10. (a) |
| 11. (c) | 12. (d) | 13. (a) | 14. (c) | 15. (c) | 16. (d) | 17. (b) | 18. (c) | 19. (a) | 20. (d) |
| 21. (a) | 22. (c) | 23. (d) | 24. (c) | 25. (a) | 26. (c) | 27. (c) | 28. (c) | 29. (d) | 30. (a) |
| 31. (d) | 32. (a) | 33. (d) | 34. (d) | 35. (d) | 36. (b) | 37. (b) | 38. (d) | 39. (b) | 40. (d) |
| 41. (b) | 42. (b) | 43. (d) | 44. (c) | 45. (a) | 46. (d) | 47. (b) | 48. (a) | 49. (d) | 50. (c) |
| 51. (a) | 52. (b) | 53. (a) | 54. (c) | 55. (a) | 56. (d) | 57. (b) | 58. (b) | 59. (c) | 60. (c) |
| 61. (a) | 62. (b) | 63. (b) | 64. (c) | 65. (b) | 66. (c) | 67. (d) | 68. (a) | 69. (b) | 70. (c) |
| 71. (a) | 72. (a) | 73. (c) | 74. (c) | 75. (b) | 76. (a) | 77. (a) | 78. (a) | 79. (a) | 80. (a) |
| 81. (a) | 82. (a) | 83. (c) | 84. (c) | 85. (a) | 86. (d) | 87. (c) | 88. (d) | 89. (c) | 90. (d) |
| 91. (c) | 92. (a) | 93. (a) | 94. (d) | 95. (d) | 96. (a) | 97. (d) | 98. (c) | 99. (c) | 100. (a) |